दिनांक 19.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ श्रम के पसीने के बगैर किसी भी शहर, प्रदेश व देश का विकास संभव नहीं है केन्द्र व छ0ग0 सरकार ने श्रमिकों के महत्व को समझा है और उन्हे उनके कार्य क्षेत्र के आधार पर श्रमिको को सामग्री का वितरण कर रही है। जो श्रमिको का वास्तविक सम्मान है।

वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में नगर निगम भिलाई एवं श्रम विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित विकास यात्रा 2018 के अंतर्गत सामग्री वितरण कार्यक्रम में वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन ने उक्त बातें कहीं। उन्होने आगे कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद घायल या मृत श्रमिक परिवार की सुध लेने वाला अभी तक कोई सरकार नहीं थी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इनकी सुध लेते हुए श्रमिको का प्रधानमंत्री सुरक्षा एवं जीवन ज्योति बीमा करवाकर संकट की घड़ी में परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करने का एक बड़ा अवसर दिया है। श्री भसीन ने विभिन्न सामग्री हेतु चयनित को सामग्री प्रदान कर उन्हे बधाई दी। पार्षद भोजराज सिन्हा ने कहा कि श्रमिको को उनकी आवश्यकता के अनुसार श्रम विभाग द्वारा सामग्री प्रदान किया जा रहा है जिसके लिए विधायक द्वारा किये गये प्रयास के लिए मैं उन्हे धन्यवाद देता हूं। सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती श्रद्धा केशरवानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना हेतु चयनित 430 हितग्राहियों को सायकल, 245 हितग्राहियों को टूल कीट, 30 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत् सामग्री प्रदान किया गया है। वहीं 100 लोगों को मजदुर कार्ड तथा 4 चयनित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गैस चुल्हे का कीट प्रदान किया गया। मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं पार्षद राजेश प्रधान, श्रीमती धनेश्वरी साहू, सरोज साहू, दीपक रावना, का श्रम विभाग की ओर से संजय सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी अधिकारी शरद दुबे ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद महेश साहू शोभूराम साहू, जोन आयुक्त श्री आर0के0 साहू, श्रम निरीक्षक प्रेमा कुजुर, त्रिलोचन, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित निगम एवं श्रम विभाग दुर्ग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग